हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 7 अगस्त 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़



04 मुख्यालय पर आताताईयों ने मारपीट कर पुनः उड़ाई ...





07 सड़क के लिए सड़क पर लगाया जाम,डेढ...




## खबर संक्षेप

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति सागर की बैठक दिनांक 07.08.2025 दिन गुरुवार को समय सुबह 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सागर में आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान जिला स्वास्थ्य समिति, संबंधी विषयों के संबंध में चर्चा की जावेगी।

### ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष व्याख्यान एवं सैन्य उपकरणों की प्रर्दशनी आज

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के स्वर्ण जयंती सभागार में 07 अगस्त, गुरूवार सुबह 10:00 बजे भारतीय सैन्य इतिहास में वीरता, रणनीतिक कौशल और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में भारतीय सेना और भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और साहस की गाथा को उजागर करने वाले ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है । साथ ही भारतीय सेना द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले हथियार एवं सैन्य उपकरणों की प्रर्दशनी 36 रैपिड (एस) शाहबाज डिवीजन द्वारा लगाई जा रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जीओसी 36 रैपिड डिवीजन के मेजर जनरल श्री के. टी.जी. कृष्णन तथा विशिष्ट अतिथि ग्रुप कमांडर एनसीसी सागर के ब्रिगेडियर श्री विकास बहुगुणा रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कर्नल कमांडेंट एवं कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता करेंगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रहेगी ।

### आबकारी विभाग ने दी अवैध शराब पर दबिश

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में अवैध शराब का कारोबार बहुत फल फूल रहा है अब शराब के खिलाफ प्रशासन एक्शन मोड में है जहां कुछ दिन पूर्व गढ़ाकोटा पुलिस ने कार्यवाही कर हजारों रुपए की शराब जप्त की थी तो वही आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए दस हजार से अधिक की अवैध शराब जप्त की है आबकारी निरीक्षक मंजूषा सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए गढ़ाकोटा में विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई एवं अवैध शराब जप्त की गई है । जिसमे आरोपी श्रवण कुर्मी अपना ढाबा चनौआ गढ़ाकोटा में 12 पाव जिप्सी जिन,26 पाव पॉवर व्हिस्की,04 पाव एमडी नंबर.1 व्हिस्की, 04 पाव एमडी नंबर 1 रम ,02 आई वी व्हिस्की,02 पाव ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की, 01 बोतल आर एस व्हिस्की, 01 ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की की बोतल में लगभग 400 एम एल मदिरा एवं 06 बोतल बीयर एवं आरोपी नमीन खान याराना ढाबा, मोठार गढ़ाकोटा से 17 पाव पॉवर व्हिस्की जप्त की है।

### स्वरोजगार के लिए ऋण आवेदन आमंत्रित किए

**सागर।** मप्र शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रू. 10,000 से 1,00,000 रूपये तक की बैंक सहायता प्रदान की जायेगी। ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित जोन पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षो तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जाएगा साथ ही नियमानुसार सी.जी. टी.एम.एस. ई. (गारंटी शुल्क) शासन द्वारा दिया जावेगा। पात्र आवेदक अनूसूचित जाति वर्ग का हो, जिले का मूल निवासी हो एवं आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो, शैक्षणिक योग्यता आवश्यक नहीं।

## हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जिले भर में कार्यक्रमों का आयोजन

# राष्ट्रभक्ति और स्वच्छता के संदेश के साथ निकली तिरंगा रैली, लोगों में दिखा उत्साह





हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जिले भर में तिरंगा रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। इन रैलियों का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करना और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। गांव-गांव और शहर-शहर में निकाली जा रही इन रैलियों में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वच्छता कर्मचारी और आम नागरिक उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। हाथों में तिरंगा लेकर लोग भारत माता की जय, स्वच्छ भारत - सशक्त भारत, हर घर तिरंगा-हर गली स्वच्छ जैसे नारों के साथ गली-गली में जोश भर रहे हैं। इस अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई जा रही है। साथ ही, लोगों को अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नागरिकों को बताया जा रहा है कि स्वच्छता केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी है।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि यह अभियान देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी का अद्भुत संगम है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे तिरंगे को सम्मानपूर्वक फहराएं और अपने आसपास सफाई बनाए रखें। इस रैली ने ना केवल लोगों के मन में देशप्रेम की भावना को जागृत किया, बल्कि स्वच्छता के प्रति भी जागरूकता किया जा रहा है। हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गांव-गांव और शहर-शहर में स्कूली बच्चों, आंगनवाड़ी केंद्रों और स्व-सहायता समूहों द्वारा तिरंगा रैलियाँ निकाली जा रही हैं। इन रैलियों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है।

हाथों में तिरंगा लिए बच्चे और नागरिक स्वच्छ भारत-देशभक्त भारत जैसे नारों से वातावरण को देशभक्ति से भर रहे हैं। यह अभियान न केवल नागरिकों को राष्ट्रीय पर्वों के प्रति जागरूक कर रहा है ।



## अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने किया रुद्री निर्माण, आज हवन के साथ पूर्णाहुति

**सागर।** पशुपतिनाथ मंदिर में आयोजित शिवलिंग निर्माण एवं पूजन अभिषेक कार्यक्रम के अंतिम दिन बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने रुद्रीनिर्माण एवं पूजन अभिषेक किया आज हवन पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि कल बुधवार को प्रातः 8बजे से रुद्री निर्माण एवं 12बजे से पूजन अभिषेक किया गया आज गुरुवार को 11बजे से हवन पूर्णाहुति की जायेगी,शाम 5बजे से प्रसादी कन्याभोज कराया जायेगा। अंतिम दिवस के रुद्राभिषेक पूजन कार्यक्रम में पं.विपिन बिहारी जी महाराज उपस्थित रहे इस अवसर पर भक्तों के उनसे निवेदन किया अगले वर्ष मई माह में पड़ने वाले पुरुषोत्तम में पशुपतिनाथ मंदिर में भागवत कथा श्रवण कराएं उन्होंने वरण होने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर एम सी दुबे, के सी व्यास, हरिनारायण तिवारी, के वो खरे, विमल दुबे, रमेश चौरसिया, अशोक मिश्रा, राजकुमार शर्मा, आर पी श्रीवास्तव,के पी गांधी, डब्बू गर्ग, देवेंद्र पटेल, राजेश गुप्ता, सरोज दुबे, ममता मिश्रा, सीता व्यास, शारदा दुबे, सुहागरानी साहू, जयश्री दुबे, अभिलाषा राजपूत, सुधा गर्ग, कांति विश्वकर्मा, मनीषा गांधी, किरण शर्मा, मीनाक्षी भट्ट, रेशु चतुर्वेदी, हेमलता ठाकुर, शिवांगी गर्ग, रेखा दुबे, नत्थीबाई यादव, आशा ठाकुर, पिंकी गुप्ता, सुहागरानी पटेल, रजनी यादव, किरण भारद्वाज, संतोषी तिवारी, रश्मि शर्मा, रोशनी गुप्ता, सीमा शर्मा, रेखा ठाकुर, रीना खरे, सीमा यादव, टीना चौबे, अर्चना अग्रवाल, मीरा गुप्ता, मांडवी दुबे, पदमा मेहता, रजनी गुप्ता, रानू पाराशर, बंदना अग्रवाल, पुष्पांजलि सेंगर, प्रमिला तिवारी, मंजू सोनी, इंद्रा चौबे, सीमा तिवारी, दीपा रैकवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।




## मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत मयूरी राजस्थान मिष्ठान भंडार सील

**सागर।** कलेक्टर के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत आज संयुक्त कलेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार प्रतीक रजक एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रीति राय द्वारा कार्यवाही करते हुए दीनदयाल चौराहा बस स्टैंड स्थित मयूरी राजस्थान मिष्ठान भंडार पर अनियमितताएं पाए जाने पर शासकीय प्रभाव से सील की गई। संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिले में सभी खाद्य सामग्री विक्रेताओं, सैंपलिंग की जा रही है। जहां भी मिलावट या अनियमितताएं पाई जाने पर उसकी सील किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज संयुक्त दल के द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित मयूरी राजस्थान स्वीट्स पर की गई कार्रवाई के दौरान अनेक अनियमितताएं सामने आईं, जिसके आधार पर प्रतिष्ठान को सील करने की कार्यवाही की गई।

## पेंशन प्रकरणों के निराकरण और वेतन निर्धारण के लिए लगाएं विशेष शिविर : कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पेशन प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग में ऐसे लंबित पेंशन प्रकरण जो सामान्य श्रेणी के हैं ऐंसे प्रकणों का तेजी से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि विभागीय जांच, न्यायालय में लंबित प्रकरण, लोकायुक्त के जांच के प्ररकणों को छोड़कर सामान्य प्रकरणों का सागर संभाग में तेजी से निराकरण कराएं और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का लाभ भी दिलाएं।

कमिश्नर ने संयुक्त संचालक पेंशन को निर्देश दिए हैं कि वह लंबित पेंशनों प्रकरणों के निराकरण के लिए और कर्मचारियों के वेतन निर्धारण के लिए सागर संभाग के सभी जिलों में विशेष शिविरों का आयोजन करें और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ कराएं। कमिश्नर अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश सोमवार को कोष एवं लेखा विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने लंबित पेंशन प्रकरणों की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभागों के अधिकारी सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन के प्रकरण पेंशन कार्यालय समय सीमा में भिजवाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि विभाग स्तर पर पेंशन प्रकरण तैयार करने में किसी भी स्थिति में विलंब और गतिरोध नहीं होना चाहिए। बैठक में कमिश्नर ने यह शिकायत मिलने पर कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह के कार्यालय में पदस्थ स्थापना लिपिक द्वारा कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण और वेतन निर्धारण संबंधी शासकीय कार्यों में अनावश्यक रूप से परेशान करने की जानकारी मिलने पर कमिश्नर ने स्थापना लिपिक के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में संयुक्त संचालक पेंशन ने बताया कि सागर संभाग में लगभग 366 पेंशन प्रकरण लंबित हैं जिनके निराकरण के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई।



## गोशालाओं में सब्जी के पौधे तैयार करना पशु प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सागर इकाई के द्वारा आज दलपतपुर मनरेगा के अंतर्गत संचालित गौशाला में सभी गौशाला संचालक महिलाओं का नेपियर ग्रास कल्टीवेशन विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया इस प्रशिक्षण में पशुपालन विभाग की ओर से जिला संवर्धन बोर्ड के नोडल अधिकारी श्री बलराम सहित ठाकुर आजीविका मिशन की ओर से जिला प्रबंधक श्री अनूप तिवारी पशु चिकित्सक डॉक्टर रुद्रप्रयाग चंदेल सहायक चिकित्सक श्री रिजवान किसान उत्पादक कंपनी की ओर से अब्दुल कमल खेती टीम की ओर से अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया श्री बलराम सहने पशुपालन विभाग की योजनाओं के बारे में बताया दो रूद्र ने महिलाओं को नेपियर ग्रास कल्टीवेशन की तकनीकी के बारे में अब्दुल कमल ने सब्जी की खेती और खेती टीम ने सब्जी के बहुत तैयार करने की तकनीकी पर महिलाओं को जानकारी दी इस प्रशिक्षण में आजीविका मिशन समूहों के द्वारा जिले में गौशालाओं का संचालन किया जा रहा है उन्हें नेपियर ग्रास की खेती करने की तकनीकी के उपरांत ग्रास कटिंग भी स्थानीय सरपंच जय लोधी के द्वारा वितरित की गई इस ग्रास कटिंग को हुए गौशाला भूमि पर लगाकर खेती की शुरुआत करेंगे और निर्धारित समय पर इसे काटकर पशु आहार के रूप में गौशालाओं की आबादी को पोषण आहार के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा।

## स्वदेशी जागरण मंच का आह्वान, स्वदेशी अपनाएं विदेशी हटाएं

**सागर।** भोपाल में स्वदेशी जागरण मंच की बैठक हुई जिसमें मध्यक्षेत्र के समस्त पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य निर्णय हुआ विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में स्वदेशी जागरण मंच ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी आह्वान का स्वागत किया है। मंच ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद-बिक्री राष्ट्र सेवा है। मंच 1991 से स्वदेशी के लिए जनजागरण कर रहा है। उसका मानना है कि भारत की समृद्धि स्वदेशी और आत्मनिर्भरता से ही संभव है। मंच ने 12 जून 2025 को 'स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान' की शुरुआत की है। इसमें व्यापारियों, निर्माताओं और सामाजिक संगठनों को जोड़ा गया है। इसका उद्देश्य भारत को फिर से महान बनाना है। हमारे प्रधानमंत्री इसे 'मीगा' यानी मेक इंडिया ग्रेट अगेन कहते हैं। मंच ने कहा कि वैश्विक हालात अस्थिर हैं। मूल्य श्रृंखलाएं,



भुगतान प्रणाली और मुद्राएं हथियार बन चुकी हैं। अमेरिका और अन्य देश संरक्षणवाद अपना रहे हैं। टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं से वैश्विक व्यापार रुका है। चीन जैसे देश सस्ते माल का डंप कर भारतीय विनिर्माण को खत्म करने की साजिश कर रहे हैं। ऐसे में स्वदेशी ही राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर सकता है। इस दौरान मध्यप्रदेश स्वावलंबन केंद्र प्रमुख एवं प्रांत समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान कपिल मलैया ने कहा कि देश की आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता के लिए स्वदेशी अपनाना अनिवार्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है जब हर नागरिक को यह निर्णय लेना चाहिए कि वह विदेशी कंपनियों को नहीं, बल्कि अपने देश के कारीगरों, किसानों, उद्यमियों और उद्योगों को समर्थन देना शुरू करें। विदेशी वस्तुएं हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रही हैं और स्वदेशी उत्पाद आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत कर सकते हैं। देशभर में एक विशेष जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है, इसमें सामाजिक संगठनों, आम नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और छात्रों को आगे आने की आवश्यकता है।

### हर दिन बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सागर।** जिला चिकित्सालय में अब हर दिन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे एवं बनने के पश्चात दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर किया जाएगा। उक्त निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ दिव्यांगों को चिन्हित कर उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय भेजें जिससे कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र आसानी से बन सकें। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनने के बाद संबंधित अधिकारी प्रमाणपत्र को दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर करें एवं उन तक हार्डकॉपी पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।



## डीपीएस सागर में राखी निर्माण, थाली, बांसुरी, झूला सज्जा प्रतियोगिता का किया आयोजन

**सागर।** डीपीएस में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर राखी निर्माण, थाली, बाँसुरी, झूला सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें कक्षा तीसरी से बारहबी तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर कला एवं शिल्प विभागाध्यक्ष हेमंत ताम्रकार ने बताया, कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी डीपीएस सागर में राखी निर्माण, थाली सज्जा, बाँसुरी सज्जा, झूला सज्जा प्रतियोगिताएँ सम्पन्न कराईं गईं हैं। प्रतियोगिता को विभागानुसार भिन्न-भिन्न वर्गों में बाँटी गई थी। प्राथमिक विभाग की कक्षा तीसरी से पाँचवी तक के विद्यार्थियों के लिए बाँसुरी सज्जा, माध्यमिक विभाग में राखी निर्माण, उच्च माध्यमिक विभाग में थाली सज्जा तथा उच्चत्तर माध्यमिक विभाग में झूला सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। माध्यमिक विभाग में कक्षा छठवी प्रथम स्थान मोनिका राज ने, द्वितीय स्थान अनुराधा यादव ने तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से हार्दिक साहू व मान्या जागवानी ने प्राप्त किया। कक्षा सातवी में प्रथम स्थान जयशिखा घोषी ने, द्वितीय स्थान प्रकृति राजपूत ने तथा तृतीय स्थान खुशी पटेल ने प्राप्त किया। कक्षा आठवी में प्रथम स्थान सिया लोधी ने, द्वितीय स्थान आर्य जैन ने तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से आयुषी कौशिक तथा विनायक विश्वकर्मा ने प्राप्त किया। उच्च माध्यमिक विभाग के अंतर्गत कक्षा नौवी में प्रथम स्थान विजयाराजे राजपूत ने द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से प्रथा जैन तथा दिव्यांशी राजपूत ने तथा तृतीय स्थान भी संयुक्त रूप से नूरजहाँ बेगम व जागृति साहू ने प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवी से प्रथम स्थान वंशिका घोषी, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से मान्या जैन तथा श्रेयशी जैन ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान तनिष्का ठाकुर व दिव्या कुशवाहा ने प्राप्त किया।

## पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही, फसल पर गए दवा डालने, देर रात नहीं लौटे

# लापता किसान की कुल्हाड़ी से हत्या: सड़क किनारे पुलिया के पास मिला शव, गले और चेहरे पर प्रहार के निशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में अकला गांव निवासी 45 वर्षीय किसान हल्ले लोधी मंगलवार रात से लापता थे। बुधवार सुबह उनका खून से लथपथ शव अकला-खैरा मार्ग पर पुलिया के पास मिला। मृतक के गले और चेहरे पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, हल्ले लोधी मंगलवार को खेतों में फसल पर दवाई डालने गए थे। शाम को घर लौटे, लेकिन इसके बाद बिना कुछ बताए कहीं चले गए। देर रात तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने आसपास तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला।

### पुलिया के पास पड़ा मिला शव

बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि अकला-खैरा मार्ग की पुलिया के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान हल्ले लोधी के रूप में की। पास में उनकी बाइक भी खड़ी थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुल्हाड़ी से वार कर उनकी हत्या की गई है।



### हत्या किसने की, परिवार को नहीं पता

मृतक के भाई अमर सिंह लोधी ने बताया कि उन्हें यह नहीं मालूम कि भाई की किसी से रंजिश थी या नहीं। उन्होंने कहा हल्ले ने कभी किसी से विवाद नहीं किया। किसने और क्यों मारा, यह समझ नहीं आ रहा है।

### धारदार हथियार से हत्या की पुष्टि, एफएसएल टीम ने जुटाए सबूत

गढ़ाकोटा थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। गले और चेहरे पर धारदार हथियार से कई बार किए जाने के निशान हैं। एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल से सबूत जुटाए गए हैं। हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### एसपी ने गुम हुए 30 लाख के मोबाइल ऑपरेशन साइबर में किये बरामद

**टीकमगढ़।** गुम हुए मोबाइलों की तलाश में लगे आम नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने एक बार फिर साबित किया है कि अगर तकनीक का सही व सटीक इस्तेमाल किया जाये तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं रहती। आईजी डॉ. हिमानी खन्ना और एसपी मंडलोई के नेतृत्व में ऑपरेशन साइबर अभियान के तहत ज़िले की साइबर सेल ने 156 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 30 लाख आंकी गई है। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में इन सभी मोबाइलों को उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किया गया। कार्यक्रम में जब मोबाइल लौटाए गए, तो सभी लोगों के चेहरों पर खुशी और राहत की झलक देखने को मिली। गुम मोबाइल लौटने की उम्मीद छोड़ चुके लोग पुलिस की इस कार्रवाई से न सिर्फ प्रसन्न हुए, बल्कि उन्होंने एसपी मंडलोई की मुक्तकंठ से सराहना भी की। लोगो ने कहा कि जब प्रशासनिक नेतृत्व पारदर्शी और जवाबदेह हो, तो जनता से जुड़ी समस्याएं कितनी जल्दी सुलझ सकती हैं। गुम मोबाइलों को ट्रेस करने में जिला साइबर सेल और हेल्प डेस्क की भूमिका बेहद सराहनीय रही। सीईआईआर पोर्टल, टेलीकॉम डेटा और तकनीकी विश्लेषण के जरिए इन मोबाइलों को विभिन्न जिलों और राज्यों से खोजा गया। साइबर टीम ने मेहनत कर जता दिया है कि यदि संसाधनों का सही इस्तेमाल हो, तो कोई भी तकनीकी अपराध या गुमशुदगी रहस्य नहीं बनी रह सकती। जिला पुलिस इस वर्ष में अब तक में 364 मोबाइल फोन बरामद कर चुकी है, जिनमें से 208 मोबाइल पहले बरामद किये गये और अब 156 मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए गए। इस मौके पर एसपी मंडलोई ने कहा कि सभी थानों में बनाए गए साइबर हेल्प डेस्क पर प्रशिक्षित स्टाफ तैनात है, जो बैंक फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी और मोबाइल गुमशुदगी जैसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करता है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम हो जाए, तो सबसे पहले सिम कार्ड बंद कराएं, फिर नजदीकी थाना स्थित साइबर हेल्प डेस्क में शिकायत दर्ज कराएं।

### सोशल मीडिया पर जन समस्या सुन कलेक्टर ने किया समाधान

**टीकमगढ़।** जिले के मोहनगढ़ मार्ग पर स्थित पटेरिया नाला का बायपास मार्ग बारिश के चलते घातक होता जा रहा था क्योंकि बायपास सड़क पर गड्ढे होने व फिसलन बढ़ने की बजह से बाहन व बसें फिसलने लगी थी। जिससे सवारियों को सड़क के दोनों ओर स्थित खाई में गिरने का डर बना रहता था। हालात यह हो गये थे कि बायपास पर सवारियो को उताकर पैदल ही बायपास सड़क पार करनी पड़ रही थी। और खाली बाहन जैसे तैसे सड़क को पार करता था। जिसके लिए स्थानीय लोगो ने फेसबुक, व्हाट्सप्प सहित सोशल मीडिया के माध्यम से उक्त समस्या को उठाया। ज़ब कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने उक्त समस्या को सोशल मीडिया पर देखा तो तत्काल संबंधित अधिकारियो को उक्त समस्या को हल करने के निर्देश दिए। वर्षों से बदहाल इस सड़क के गड्ढों ने जहां लोगों की जान जोखिम में डाल रखी थी, वहीं अब कलेक्टर श्रोत्रिय ने इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य प्रारंभ करवा दिया है। करीब एक किलोमीटर लंबे इस खस्ताहाल बायपास मार्ग पर सैकड़ों गड्ढे हैं, जिनकी गहराई कहीं-कहीं पांच फीट तक पहुंच गई थी। यह मार्ग ग्राम गोर और मोहनगढ़ के बीच स्थित है, जहां पटेरिया नाले पर बना पुल पिछले सात वर्षों से अधूरा पड़ा है। इसके कारण राहगीरों को मजबूरी में इसी बायपास से होकर गुजरना पड़ता था, जो लगातार बिगड़ती हालत में था। मोहनगढ़ तहसीलदार रमेशचंद परमार ने बताया कि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर ग्राम दरगाय खुर्द के सरपंच संतोष केवट और सचिव शेख सगीर खान को बायपास मार्ग की मरम्मत हेतु निर्देशित किया गया है।

---

कोचिंग में घुसकर एक दर्जन नकाबपोशों ने किया शिक्षक पर हमला, वीडियो वायरल

# मुख्यालय पर आताताईयों ने मारपीट कर पुनः उड़ाई पुलिस की खिल्ली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के मुख्यालय पर ही कानून व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। इस बार एक दर्जन नकावपोशो ने दिनदहाड़े एक कोचिंग सेंटर में घुसकर कोचिंग संचालक पर जानलेवा हमला कर पुलिस की चुस्त व्यवस्था की खिल्ली उड़ा दी। दो दिन पूर्व 4 अगस्त सोमवार शाम शिव शक्ति कॉलोनी स्थित एक कोचिंग सेंटर में घुसकर एक दर्जन नकावपोशो ने एक कोचिंग संचालक पर बर्बर हमला कर दिया। हमले की वजह मात्र इतनी थी कि शिक्षक ने कुछ युवकों को शोर मचाने और छात्राओं से छेड़छाड़ करने से रोका था। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो चुकी है, जिसका वीडियो भी बायरल हो चुका है लेकिन पुलिस अब तक सभी हमलाबरों की पहचान तक नहीं कर सकी और न ही किसी को भी गिरफ्तार कर सकी है।

### पुलिस के अभियानो के दाबो पर लगा प्रश्नचिन्ह, शहर में बढ़

मुख्यालय पर कोचिंग सेंटर, स्कूल और सार्वजनिक जगहों पर बढ़ती आपराधिक घटनाएं पुलिस की निष्क्रियता को उजागर कर रही हैं। आम लोग कहने लगे हैं कि अब अपराधियों को पुलिस का डर नहीं रहा। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है, खासकर तब जब शिक्षक तक सुरक्षित नहीं हैं। जबकि पुलिस द्वारा छात्राओं व महिलाओ की सुरक्षा, कोचिंग स्थलों पर निगरानी, आपराधिक घटनाओ के प्रारंभ में ही कार्यवाही जैसे अभियान चलाने का दंभ भरा जाता है लेकिन लगातार होती वारदाते व वायरल होते वीडियो और बेलगाम होते बदमाशो द्वारा पुलिस के अभियानो की पोल खोलकर पुलिस को लगातार चुनौती दी जा रही है। ऐसी परिस्थिति में एसपी मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा सख्त कार्यवाहियां किये जाने की आवश्यकता है।

### छात्राओं के साथ छेड़छाड़ व हुड़दंग करने से मना करने पर किया हमला

कोचिंग संचालक ने बताया कि कोचिंग आने बाली छात्राओं के साथ छेड़छाड़ व हुड़दंग करते कुछ लड़को को मना किया किया गया था जिसके बाद उक्त लड़को ने अपने साथियों के साथ आकर ये जानलेवा हमला किया। चेहरा ढंककर हमला करने से साफ है कि यह घटना पूर्व नियोजित थी। इस दौरान कोचिंग पढ़ रहे कुछ छात्रों के साथ भी मारपीट की गईं। इस हमले में कोचिंग संचालक दीपक गिरी के सिर पर गंभीर चोट बताई जा रही हैं। साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटों के निशान हैं।

### दिनदहाड़े किया कोचिंग सेंटर पर हमला

शिव शक्ति कॉलोनी स्थित कोचिंग सेंटर संचालक पीड़ति दीपक गिरि कोचिंग सेंटर में बच्चों को पढ़ा रहे थे, तभी रमन यादव, छत्रसाल यादव, आसिक यादव और प्रासू चतुर्वेदी सहित लगभग दर्जन भर नकावपोश लोहे के पाइप और डंडों से लैस होकर अचानक अंदर घुस आए। उन्होंने शिक्षक से गाली-गलौच करते हुए हमला कर दिया। जिससे दीपक के सिर से खून बहने लगा और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

### सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना वीडियो वायरल

उक्त घटना का सीसीटीवी फुटेज बुधवार को सामने आया है, जिसमें बदमाशों की बर्बरता साफ दिखाई दे रही है। बावजूद इसके पुलिस अब तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी के अनुसार, सभी आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

---

सरपंच ने मौके पर पहुंचकर जब्त किए कटे पेड़

# सरपंच के फर्जी साइन कर लकड़ी माफिया ने कटवा दिए पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



निजी भूमि से पेड़ काटने के लिए शासन द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। जिससे पेड़ो की बेमतलब अबैध कटाई पर अंकुश लगाया जा सके। लेकिन जिले में बेखौफ़ लकड़ी माफिया ने जसबंतनगर सरपंच महेंद्र सिंह बुंदेला के फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी सील लगाकर पेड़ो की अबैध कटाई कर ली। तभी बहाँ से गुजर रहे सरपंच महेंद्र सिंह ने ज़ब पेड़ो की कटाई होते देख ज़ब अनुमति मांगी तो लकड़ी माफिया ने उन्हें जो अनुमति पत्र दिखाया, उस पर सरपंच महेंद्र सिंह के फर्जी हस्ताक्षर पाए गये। तभी लकड़ी माफिया कटे हुए पेड़ो को छोड़कर अपनी मशीनों के साथ मौके से भाग खड़ा हुआ।

### लकड़ी छोड़कर मौके से फरार हुआ माफिया

जसबंतनगर सरपंच महेंद्र सिंह ने पुलिस में शिकायत करते हुए बताया कि 5 अगस्त को ग्राम जसवंतनबर से जनसुनवाई करने के बाद बह लगभग 4 बजे रोजगार सहायक चन्द्रभान लोधी के साथ जा रहे थे तभी उन्हें कटेरा जसवंतनगर तिगेला के पास गुलकोटा अहिरवार के कुँआ के आगे कटेरा खेरा में सुबोध जैन के खेत से बड़ी मात्रा में पेड़ काटकर वाहन में लादते हुए दिखे जो यूके लिपटस के पेड़ थे। ज़ब सरपंच ने पूंछा कि पटैती की भूमि की लकड़ी काटने की अनुमति कहा है तो वहां पर एक बाहर का व्यक्तिा था जिसकी मशीन लकडी लादने वाली थी उसने कहा कि नीरज सिंह ठेकेदार के पास अनुमति है और उसने नीरज से फोन पर बात कराई। तब नीरज ने बताया कि उन्हें प्रसन्न जैन मबई वालो ने कागज दिये वह मेरे पास है। मैं आपको एक घंटा में बाद उपलब्ध कराता हूँ। लेकिन इसके बाद लकड़ी भरने वाली मशीन वहाँ से भाग गई। बाद में नीरज सिंह ने व्हाट्सप्प पर जो कागज़ भेजे उसमे सरपंच महेंद्र सिंह के फर्जी हस्ताक्षर कर अनुमति प्रमाण पत्र जारी किया गया पाया गया। जबकि ऑनलाईन पंचायत पोर्टल दर्पण पर आवेदन प्रकिया लागू की गई है इसके बाद पटवारी की अनुशंसा पर पंचायत द्वारा ऑनलाईन प्रमाण पत्र जारी किये जाते हैं। सरपंच महेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए आवेदन में कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि शासन के आदेश का उज्लंघन किया गया एवं पर्यावरण को नुकसान पहुँचाया गया है। जिसके चलते प्रसन्न कुमार जैन निवासी मबई के ऊपर तत्काल मुकदमा कायम किया जाय और इनसे सरंपच की सील चापिस ली जाये जो इन्होने फजी बनवाई है। क्योकि यह इसका दुरूपयोग कर सकते है जिससे हमे यह समस्या खड़ी हो सकती है क्यूंकि पंचायत एक संवैधानिक संस्था है जिसका गलत उपयोग किया गया है अपराधी को तत्काल गिरफतार किया जाय।

---

तत्काल स्वीकृत की गई 4 लाख की आर्थिक सहायता

# मासूम की मौत पर एसडीएम ने दिखाया संवेदनशील रुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



ग्राम सुकलाई में सर्पदंश की त्रासदी ने एक परिवार की हंसी छीन ली और घर के आँगन को किलकारी विहीन कर दिया। तीन वर्षीय मासूम मानवी अहिरवार की मौत ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। इस हृदयविदारक घटना के बाद एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल ने मृतक मानवी के शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए तत्काल राहत देने का निर्णय लिया। और तत्काल ही सहायता राशि स्वीकृत कर लिखित आदेश परिजनों को सौंप दिया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लोकेंद्र सिंह सरल की पहल पर मासूम बालिका के पिता महेंद्र अहिरवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह निर्णय प्रशासन की संवेदनशीलता और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण का प्रमाण है। जानकारी के अनुसार, घटना 3 अप्रैल की है जब मासूम मानवी को सांप ने डस लिया। गंभीर अवस्था में उसे उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। मौके पर पटवारी द्वारा पंचनामा, चिकित्सकीय परीक्षण, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सर्पदंश से मृत्यु की पुष्टि की गई। घटना के बाद नायब तहसीलदार बड़ागांव धसान द्वारा पूरे मामले की जांच कर प्रतिवेदन तैयार किया गया। पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए आपदा राहत नीति के तहत सहायता राशि प्रदान करने का प्रस्ताव एसडीएम कार्यालय भेजा गया। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल ने राहत राशि स्वीकृत की। यह निर्णय उस दिशा में एक संवेदनशील कदम है जो दिखाता है कि प्रशासनिक अधिकारी पीड़ितों की तकलीफों के प्रति सिर्फ कागजी नहीं, मानवीय दृष्टिकोण से भी जागरूक है। इस सहायता से परिवार को न केवल तत्काल राहत मिलेगी, बल्कि शासन की नीतियों में आमजन का भरोसा भी मजबूत होगा।

---

सिर पर धारदार हथियार से हमला, पुलिस और एफएसएल जांच में जुटी

# जिले में एक और हत्या से सनसनी, चंद्रपुरा में राजकुमार की खौफनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के चंद्रपुरा गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक 35 वर्षीय युवक का शव उसके घर के भीतर खून से लथपथ मिला। यह वारदात सोमवार रात की बताई जा रही है, मगर इसका खुलासा मंगलवार दोपहर तब हुआ जब पड़ोसियों ने युवक के दरवाजे पर दस्तक दी और भीतर से कोई हलचल न मिलने पर पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान राजकुमार कुशवाहा के रूप में हुई है, जो गांव में अकेला ही रहता था। परिवार के अन्य सदस्य दिल्ली में मजदूरी करते हैं। उक्त बारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, एएसपी, और एसडीओपी समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। कुड़ीला थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का पंचनामा कराया और शव को खरगापुर के शासकीय अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने बताया कि युवक की हत्या बेहद निर्ममता से की गई है। सिर पर धारदार हथियार से वार कर उसे मौत के घाट उतारा गया। एफएसएल अधिकारी डॉ. प्रदीप यादव ने मौके का परीक्षण कर बताया कि ₹राजकुमार की हत्या रात के समय की गई है, सिर पर एक ही दिशा से घातक वार किया गया।₹ उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच की रिपोर्ट शीघ्र पुलिस को सौंपी जाएगी।

### चरित्र को लेकर विवाद? सरपंच प्रतिनिधि ने जताई आशंका

ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि संजीव पाठक ने बताया कि मृतक का व्यवहार झगड़ालू किस्म का था और उसका अपने परिवार के सदस्यों से भी विवाद रहा है। इसी वजह से उसके माता-पिता दिल्ली मजदूरी के लिए चले गए थे। हालांकि, यह केवल सामाजिक धारणा है, हत्या के पीछे असली वजह पुलिस जांच का विषय है।

### पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की

फिलहाल, पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर सभी संभावित पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हत्या के पीछे आपसी रंजिश है या कोई और गहरा कारण। लेकिन पुलिस सभी एंगल से जांच कर घटना का शीघ्र खुलासा करने के प्रयास में जुट चुकी है।

---

शासन की वादा खिलाफ़ी के विरुद्ध राजस्व अधिकारी हुए लामबंद

# नो वर्क लेकिन नो पे नहीं, हाजिरी लगाकर मुख्यालय पर रहेंगे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

### शासन के कार्य विभाजन योजना को लेकर रुष्ट हुए राजस्व अधिकारी



जिले के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने शासन द्वारा जारी कार्य विभाजन योजना का बिरोध प्रदर्शन करते हुए 6 अगस्त से राजस्व संबंधी सभी कार्यो से अपना हाथ खींच लिया है, लेकिन उन्होंने इस बिरोध प्रदर्शन को हड़ताल या अवकाश पर जाना नहीं बताया। बल्कि उक्त सभी अधिकारी अब सिर्फ आपदा प्रबंधन से जुड़ी जिम्मेदारियां निभाएंगे। और मुख्यालय पर मौजूद रहकर प्रतिदिन शाम को अपनी हाजिरी भरेंगे। लेकिन राजस्व सहित अन्य कोई भी कार्य नहीं करेंगे। मतलब नो वर्क नो पे के उलट 6 अगस्त से जिले के सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार नो वर्क ओनली पे बाले सिस्टम पर रहेंगे। हालांकि प्रदर्शन में शामिल अधिकारियो ने स्पष्ट करते हुए बताया कि इस बिरोध प्रदर्शन में परिवीक्षाधीन राजस्व अधिकारी पृथक रहकर अपना प्रशिक्षण एवं परिवीक्षा दायित्वों का निर्वहन यथावत करते रहेंगे।

जानकारों ने बताया कि शासन द्वारा राजस्व बिभाग में कार्य विभाजन योजना का संचालन करते हुए तय किया गया है कि तहसील कार्यालय में अब दो अधिकारियो के बींच कार्यालय कार्य और फील्ड वर्क का बिभाजन किया जायेगा जिसमें कार्यालीन समय में एक अधिकारी तहसील कार्यालय में पूरे समय बैठकर कार्यालयीन कार्य निपटायेगा और दूसरा अधिकारी क्षेत्र में घूमकर कार्य करेगा। शासन के इसी आदेश को लेकर राजस्व अधिकारी भड़क गये और उक्त आदेश को वापिस लेंगे की मांग करते हुए कहाँ गया है कि उक्त कार्य विभाजन योजना से अधिकारियो के बीच बिरोधाभास की स्थिति निर्मित होगी।

### आश्वासन देकर शासन द्वारा की गई वादा खिलाफ़ी से व्यथित

मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को दिए ज्ञापन में राजस्व अधिकारी संघ ने बताया कि राजस्व अधिकारियों के न्यायिक और गैर-न्यायिक दो वर्गों में विभाजन के संदर्भ में जारी किए गए निर्देशों एवं उनके क्रियान्वयन से संपूर्ण संवर्ग हतोत्साहित है। जिसको लेकर बिगत 16 व 17 जुलाई को संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी ने ज्ञापन के माध्यम से शासन को इस विभाजन-योजना से उत्पन्न होने वाली संरचनात्मक, विधिक और व्यावहारिक समस्याओं से अवगत भी कराया था। और तब शासन द्वारा मौखिक आश्वासन दिया गया था कि आगामी तीन माह तक यह योजना पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मात्र 12 जिलों में ही लागू की जाएगी। राजस्व न्यायालयों को मर्ज नहीं किया जाएगा एवं गैर-न्यायिक को आवश्यक संसाधन प्रदान किए जाएंगे। जिसके चलते संवर्ग ने अपना विरोध 20 जुलाई को स्थगित कर दिया था। लेकिन फिर शासन द्वारा वादा खिलाफ़ी करते हुए विभाजन की यह योजना प्रदेश के अन्य 9 जिलों धार, भिंड, खरगौन, बालाघाट, मंदसौर, देवास, कटनी, मंडला, रीवा में लागू कर दी गई, राजस्व न्यायालयों को मर्ज किया गया। जिससे व्यथित होकर संवर्ग द्वारा ये बिरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

### राजस्व कार्यों से अलग होकर मुख्यालय पर जमा करेंगे डोंगल और वाहन

राजस्व अधिकारियो के इस फैसले के चलते संपूर्ण जिले में राजस्व कार्य ठप्प होने की स्थिति बन गई है। राजस्व अधिकारियों का कहना है कि उन्होने 6 अगस्त से राजस्व कार्यालयों में नामांतरण, सीमांकन, जाति प्रमाण पत्र जारी करना, दाखिल विधिक कार्य, आय प्रमाणपत्र, फसल नुकसान के आवेदन सहित कई कार्यो से स्वयं को अलग रखने का फैसला लिया है। इस दौरान केवल आपदा प्रबंधन कार्य ही देखने की बात कही गई है। जिले में राजस्व अधिकारियो द्वारा विभागीय वाहन और डिजिटल डोंगल लौटाकर काम बंद करने की चेतावनी दी जा चुकी हैं।

### नो वर्क लेकिन पेमेन्ट के पात्र रहने के लिए भरेंगे हाजिरी

राजस्व अधिकारी संघ ने दिए ज्ञापन में बताया कि जिला इकाइयों ने प्रांतीय कार्यकारिणी की आपात बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि संवर्ग में विभाजन की इस योजना के पूर्ण रूप से वापस नहीं होने तक समस्त राजस्व अधिकारी आपदा प्रबंधन कार्यों को छोड़कर समस्त कार्यों से दूर रहते हुए जिला मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे। संवर्ग शासन से मांग करता है कि कार्यपालिक दंडाधिकारी की शक्तियां पुलिस विभाग या सामान्य प्रशासन विभाग या किसी भी अन्य विभाग को सौंप दें। सभी अधिकारी अपने शासकीय वाहन जिलों में जमा करा देंगे एवं अपने डिजिटल सिग्नेचर के डोंगल सीलबंद कर एकत्र कर जिला अध्यक्ष को सौंपेंगे। साथ ही जिलों के आधिकारिक व्हाट्सप्प ग्रुप भी छोड़ेंगे। प्रतिदिन शाम 6 बजे जिले की स्थापना शाखा में संयुक्त उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति प्रस्तुत करेंगे।

## जाम से सलापुरा नहर पर लगी वाहनों की कतार, एसडीएम के आश्वासन पर खोला जाम

# सड़क के लिए सड़क पर लगाया जाम, डेढ घंटे तक जाम में फंसे रहे स्कूली बच्चे और एंबुलेंस





हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

पांच गांवों के लिए सडक निर्माण की मांग को लेकर युवा कांग्रेस ने बुधवार को शहर के सलापुरा नहर पुल के पास सडक पर बैठकर जाम लगा दिया। इस जाम के कारण सलापुरा नहर पर आकर मिल रहे चारों सडक मार्गो पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई। चटकदार धूप के बीच करीब डेढ घंटे तक लगे रहे इस जाम में जहां कई यात्री वाहन फंस गए, वहीं एंबुलेंस और स्कूली बच्चे भी इस जाम में फंसकर पसीना पसीना होते रहे। हालांकि जाम की सूचना पर एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने जाम खुलवाए जाने के लिए जाम लगाकर बैठे लोगो से चर्चा की, लेकिन युवा कांग्रेसियों ने एसडीओपी को यह कहते हुए लौटा दिया कि जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी मौके पर आकर आश्वासन देंगे, तब जाकर जाम हटाएंगे। करीब डेढ बजे एसडीएम गगन सिंह मीणा ने मौके पर पहुंचकर समस्या समाधान के लिए प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया तो युवा कांग्रेसियों ने जाम खोल दिया।

दरअसल ईच्छापुरा, नगदी, नागदा, तिल्लीपुर और मातासूला के लिए चंबल नहर होते हुए जो रास्ता जा रहा है, वह रास्ता पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गया है। जहां होकर इन गांव के लोगों को गुजरना काफी परेशानी भरा साबित हो रहा है। वहीं इस रास्ते से फसल बेचने के लिए किसान मंडी और सायलो केन्द्र पर पहुंचे, जिनके पास आए दिन ट्रॉली पलटने की घटनाएं घटित होती रहती है। इस सडक को बनाए जाने के लिए कई बार मांग उठाई, लेकिन अभी तक जिम्मेदारों ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। लिहाजा अब इस इस रास्ते पर पक्की सडक बनाए जाने की मांग को लेकर बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे युवा कांग्रेसियों ने युकां जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा की अगुवाई में नारेबाजी करते हुए सलापुरा नहर पर जाम लगा दिया। जाम लगाने वाले युवा कांग्रेसियों का कहना था कि इस चंबल नहर रोड पर बसे मातासूला गांव के ग्रामीणों के लिए पक्की सडक की सुविधा आज भी सपना बनी हुई है। इसलिए चंबल नहर रोड होते हुए मातासूला गांव तक जल्द ही पक्की सडक बनाई जानी चाहिए। ग्रामीणों का कहना था कि नगर पालिका द्वारा इसी रास्ते पर कचरा भी फेंका जाता है। इससे रास्ता और ज्यादा बदहाल हो गया है। इस पर भी तत्काल रोक लगनी चाहिए।

### जाम में फंसे यात्री और स्कूली बच्चे होते रहे पसीना पसीना




सडक की मांग को लेकर दोपहर करीब 12 बजे से लगाया यह जाम करीब डेढ घंटे तक लगा रहा। इस जाम के कारण श्योपुर सवाईमाधोपुर पर जहां वाहनों की आवाजाही रूक गई, वहीं जैदा मंडी बायपास रोड सहित कलारना ढोढर मार्ग भी बाधित हो गया। जाम के कारण इन मार्गो पर काफी दूर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। चटकदार धूप के बीच जाम में फंसे यात्री वाहनों और दुपहिया व तीन पहिया वाहनों में सवार सैकडो लोग गर्मी के कारण परेशान होते रहे, वहीं ऑटो में सवार स्कूली बच्चे भी जाम में फंसकर पसीना पसीना होते रहे। इसके साथही इस जाम में एक एंबुलेंस भी फंसी रही।

### साहब ये देखो क्या हालत हो रही सड़क की



जाम की सूचना पर एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता, कोतवाली टीआई सतीश चौहान और यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत के साथ मौके पर पहुंचे और जाम हटाने के लिए युवा कांग्रेसियों से चर्चा की, लेकिन युवा कांग्रेसियों ने एसडीओपी से यह कहते हुए जाम खोलने से मना कर दिया कि प्रशासन का कोई जिम्मेदारी अधिकारी यहां आकर हमारी परेशानी सुनेगे, तब जाकर हम जाम हटाएंगे। दोपहर करीब डेढ बजे एसडीएम गगन सिंह मीणा मौके पर पहुंचे और उन्होंने जाम लगा रहे लोगों से चर्चा करते हुए उनसे सडक निर्माण संबंधी आवेदन लेकर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। जिसके बाद कांग्रेसियों ने जाम खोल दिया और एसडीएम को नागदा रोड पर पैदल ले जाकर उन्हें गड्ढे दिखाते हुए कहा कि साहब ये देखा सडक की क्या हालत हो रही है। आगे सडक की स्थिति और भी खतरनाक हो रही है।

### जान जोखिम में डालकर रेलवे के पुल से होकर गुजरे लोग

सलापुरा नहर पुल पर लगे जाम में फंसे कई दुपहिया वाहनों पर सवार लोग जाने की जल्दबाजी में अपनी जान जोखिम में डालकर चंबल नहर पर बने नैरोगेज ट्रेन के पुल से होकर गुजरने से भी नहीं चूके। दरअसल सलापुरा के नजदीक बने रेलवे के पुल से फिलहाल ट्रेन का संचालन बंद बना हुआ है, लेकिन दुपहिया वाहनों का इस पुल से गुजरना किसी खतरे से खाली नहीं है। मगर जाम के कारण कई बाइक सवार लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर अपनी बाइको कों इस पुल से होकर निकाल ले गए।

### कोर्ट ने 2 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया

# दलित दंपति से मारपीट करने वाले आरोपी को छह माह का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

दलित पति पत्नी की मारपीट करने वाले आरोपी को श्योपुर के न्यायालय ने छह माह के सश्रम कारावास और 2 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी है। तीन साल पुराना यह मामला वीरपुर थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि 11 अक्टूबर 2022 को फरियादी जब अपने घर के बाहर बैठा था, तभी वहां आरोपी सुरेश राठौर पुत्र जगन राठौर निवासी मोहनपुरा पहुंचा और फरियादी से गाली गलौच करते हुए बोला कि तेरी बकरी मेरे खेत में घुस गई। इसके बाद आरोपी ने फरियादी और उसकी पत्नी की जातीय अपमान करते हुए मारपीट कर दी। इस मामले में वीरपुर थाना पुलिस ने मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश किया। श्योपुर के विशेष न्यायालय ने इस मामले में विचारण के दौरान आरोपी सुरेश राठौर को दोषी मानते हुए 6 माह के सश्रम कारावास और 2 हजार के अर्थदंड की सजा सुना दी।

# रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव बने दिनेशराज दुबोलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष दिनेश राज दुबौलिया को श्योपुर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी का सचिव मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन कलेक्टर अर्पित वर्मा ने रेड क्रॉस की गतिविधियों को सुचारू रूप से जारी रखने के उद्देश्य से किया है। अभी तक रेड क्रॉस सचिव का प्रभाव जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल के पास था।

# दिनदहाड़े वृद्ध महिला के कान के टॉप्स लूटकर भागा बदमाश



### श्योपुर में दिनदहाड़े हुई वारदात, वृद्ध महिला को इलाज के लिए कराया जिला अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर श्योपुर में नगर पालिका कार्यालय के पीछे स्थित गली में रहने वाले लोग बुधवार की शाम को उस समय सन्न रह गए, जब एक बदमाश घर के बाहर बैठी वृद्ध महिला के कान के टॉप्स लूटकर भाग निकला। वृद्ध महिला जब चिल्लाई, तब आसपास के लोग उसे बचाने के लिए दौडे, लेकिन तब तक बदमाश टॉप्स लूटकर भाग निकला। झटके से टॉप्स छीनने से वृद्ध महिला के कान बुरी तरह लहूलहान हो गए। इसलिए वृद्ध महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज के जरिए बदमाश की तलाश शुरू कर दी है।

दरअसल नगर पालिका के पीछे स्थित गली में रहने वाली पुष्मा बाई 92 वर्ष पत्नी स्व लक्ष्मीनारायण राठौर बुधवार शाम साढे 4 बजे के आसपास जब अपने घर के बाहर अकेली बैठी थी, तभी उसके पास काले रंग के कपडे पहना बदमाश पहुंचा, जो वृद्धा को उठाकर घर के अंदर ले गया और उसका मुंह दबाकर उसके कान में पहने सोने के टॉप्स को झटके से खींचकर भाग निकला। वृद्ध महिला ने चिल्लाते हुए आसपास के लोगो को मदद के लिए बुलाया, लेकिन तब तक बदमाश वारदात को अंजाम देकर भाग चुका था। परिजन ने इस मामले की सूचना कोतवाली थाने पर देने के बाद वृद्ध महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया। इस संबंध में कोतवाली टीआई सतीश चौहान ने बताया कि वृद्ध महिला के कान में खून निकल रहा था, इसलिए उसे तत्काल जिला अस्पताल में इलाज के लिए भिजवाया और मामले में कार्रवाई करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# बड़ौदा नालों को डाइवर्ट करने के खिलाफ किसान लामबंद, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा बड़ौदा नगर में जल भराव की समस्या पर ली गई बैठक में जनप्रतिनिधियों और अफसरों से मिले सुझावों को किसान नेता राधेश्याम मूंडला ने किसान विरोधी बताते हुए किसानों के साथ कलेक्ट्रेट पर आंदोलन करते हुए ज्ञापन सोपा।ज्ञापन में बड़ौदा नालों का रुख अहेली नदी की ओर मोड़ देने से वहां के किसानों के डूब क्षेत्र में आ जाने का उल्लेख किया गया है।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि प्रशासन द्वारा बड़ौदा में जल भराव की समस्या को खत्म करने के उद्देश्य से नालों का रुख अहेली नदी की ओर मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे बारिश के पानी में इस नदी किनारे और रास्ते में आने वाले कई गांव डूब में आ जाएंगे। इन गांव में हमेशा बाढ़ का खतरा बना रहेगा और खेती किसानी पर भारी संकट आ जाएगा जो किसान आज 2 जून की रोटी खेती किसानी कर हासिल कर रहे हैं इन नालों के कारण भूखे मरने की कगार पर पहुंच जाएंगे। इसके अलावा ज्ञापन में अतिवृष्टि से नष्ट फसलों का मुआवजा, फसल बीमा क्लेम, चंबल नहर की मरम्मत, खेत सड़क योजना की शुरुआत, पीएम आवास योजना की बहाली, मूंडला की जर्जर बिजली लाइन बदलने, खाद की किल्लत और कालाबाजारी पर रोक तथा झालावाड़ स्कूल हादसे के दोषियों पर कार्रवाई की माँग शामिल करने के साथ राजस्थान के नेता नरेश मीणा की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए रिहाई की भी माँग की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे

# सड़क का निर्माण देख कलेक्टर बोले घटिया काम करने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बुधवार को अचानक बड़ौदा तहसील के अंतर्गत आने वाले सलमानिया सिरसौद गांव के बीच 3 करोड़ 2 लाख रुपए से अधिक लागत से बनी सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घटिया निर्माण पर गहरी नाराजगी जताते हुए जहां निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों को खूब खरी खोटी सुनाई वहीं इस सडक का निर्माण करने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड करने के निर्देश भी दिए।

दरअसल किसी ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को सूचना दी थी कि सिरसौद से सलमानिया तक करीब 8 किलोमीटर तक जो रोड बना है वह घटिया निर्माण के चलते पानी में बह गया है साथ ही ठेकेदार ने काम भी पूरा नहीं किया है और राशि भी निकाल ली है। शिकायत की सत्यता परखने के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर मानसिंह व अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे जहां उन्हें पहली ही दृष्टि में घटिया निर्माण स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। एस्टीमेट के अनुसार दो पुलिया बनी हुई थी जिनमें से एक पुलिया का निर्माण तो ठेकेदार ने किया ही नहीं जबकि जो एक पुलिया बनाई गई है वह भी बारिश में बह गई है और फर्जी बिल बनाकर पुलिया निर्माण की राशि निकालने पर कलेक्टर ने नाराज़गी जताते हुए जहां पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों को फटकार लगाई वहीं पीएमजीएसवाय के जीएम सत्येंद्र चौहान को निर्माण की जांच करने के निर्देश दिए।

### हरिभूमि ने भी उठाया मामला

सिरसौद से सलमानियां तक बनी सडक के घटिया निर्माण किए जाने के मामले को हरिभूमि ने भी 10 जुलाई के अंक में खबर प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए उजागर किया।



मामला दिसंबर 2023 में सिरसौद से सलमानियां तक बनी सड़क का
गारंटी अवधि में ही दो जगह से उखड़कर बह गई 3 करोड़ की सड़क, खुली घटिया निर्माण की पोल

### कराहल ब्लॉक के हसनपुर गांव में दो चीतों ने घर के बाहर बंधे गोवंश का किया शिकार

# आंगन में घूम रहे बछड़े का शिकार कर दावत उड़ाते रहे चीते, परिवार मजबूर होकर बनाता रहा वीडियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क के चीतों द्वारा गांवों में घुस कर मवेशियों पर हमले करने के कई वीडियो सामने आ रहे हैं एक वीडियो बुधवार को वायरल हुआ इस वीडियो में दो चीते एक बछड़े का शिकार कर आराम से दावत उड़ाते दिख रहे हैं। जबकि पास में ही बंधी दो गाय और एक बछिया भी दिखाई पड़ रही है, गाय रस्सी से बंधी होकर अपने बछड़े को चीतों का ग्रास बनते देखती दिखाई दे रही है। खास बात यह है कि चीतों द्वारा बछड़े के शिकार करने का वीडियो भी उसी परिवार ने मोबाइल से शूट किया है जिसके आंगन में चीतों ने हमला कर गोवंश का शिकार किया था। परिजन चीतों के हमले से इतनी दहशत जदा थे कि वह घर से बाहर निकाल कर या चिल्लाकर चीतों को भगा भी नहीं सके उन्हें डर था कि कहीं चीते गोवंश को छोड़कर उन पर ही हमला न कर दे।



### मौके पर पहुंचे वन अमले ने बनाया चीतों का सुरक्षा कवच

घटना की जानकारी ग्रामीणों ने वन विभाग को तत्काल ही दे दी थी, सूचना मिलने के बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और चीतों को सुरक्षा देने के उद्देश्य से उन्हें जंगल की ओर भगाने का काम करते हुए चीतों की निगरानी शुरू कर दी है। अधिकारियों ने तत्काल चीतों की लोकेशन ट्रैक कर उन्हें गांव से बाहर खदेड़ने ओर ग्रामीणों को चीतों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी।

जानकारी के मुताबिक कराहल जनपद की ग्राम पंचायत जाखदा के तहत आने वाले हसनपुर गांव में बुधवार की अल सुबह दो चीते घर के बाहर बने आंगन की बाउंड्रीवाल को लांघ कर भीतर घुस गए जहां दो गाय खूंटे से बंधी थी और उसके दो बछड़े खुले घूम रहे थे। चीतों ने बछड़ों को आसान शिकार समझकर न सिर्फ उस पर हमला कर उसे मार डाला बल्कि आंगन में ही बैठकर दावत उड़ाते रहे। लोगों का कहना था कि अगर गाए खूंटे से बंधी नहीं होती तो चीतों को बछड़े का शिकार होने से रोक सकती थी। उधर कूनो प्रशासन ने इस गांव में चीतों के द्वारा मवेशी का शिकार करने की बात स्वीकारते हुए मवेशी मालिक को मुआवजा दिए जाने का भरोसा दिलाया है।

### ग्रामीणों में रोष कम करने वन विभाग ने दी समझाइश

वन विभाग के अधिकारी चीतों की मूवमेंट पर लगातार नजर रख रहे हैं खास कर बछड़े के शिकार के बाद वन विभाग को डर है कि कहीं ग्रामीण चीतों पर हमला न कर दे। दोनों चीतों को सुरक्षित जंगल क्षेत्र में ले जाने की कोशिश की जा रही है। विभाग द्वारा गांव के आसपास के क्षेत्रों में गश्त भी बढ़ाई गई है। वहीं ग्रामीणों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने वन विभाग से मांग की है कि सेंचुरी की सीमा को सुरक्षित बनाया जाए और ऐसे कदम उठाए जाएं जिससे वन्यजीव आबादी में न घुस सकें।

### इनका कहना...

चीतों के हमले से ग्रामीण दहशत में आ गए थे, चीतों के हमले में ग्रामीण भी घायल हो सकते थे और आत्मरक्षा में वह डरकर चीतों पर हमला कर सकते थे। यदि वन विभाग समय पर नहीं पहुंचता, तो बड़ी अनहोनी भी हो सकती थी।

**ध्रुव मीणा, ग्रामीण**

जिस ग्रामीण के बछड़े का शिकार चीतों ने किया है उसे मुआवजा मिलेगा, मॉनिटरिंग टीम द्वारा चीतों कों गांव से बाहर कर दिया है, चीता इंसानों पर हमला नहीं करता है लेकिन वह वन्य जीव है इसलिए चीतों से इंसान का दूरी बनाए रखना ही बेहतर है।

**उत्तम कुमार शर्मा**
**सीसीएफ कूनो**

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सेवा निवृत्त न्यायालय कर्मचारियों ने दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा सेवा निवृत्त हो गए है। बीती शाम को न्यायालय कर्मचारियों ने शिवपुरी रोड स्थित एक रिसोर्ट में एक विदाई समारोह आयोजित करके प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय डीएस चौहान, प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एलडी सोलंकी, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रतिष्ठा अवस्थी, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बबीता होरा शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संध्या मरावी सहित अन्य न्यायाधीश, डीएलओ विधिव सेवा प्राधिकरण योगेश बंसल, अभिभाषक संघ जिलाध्यक्ष ललित मुदगल, उपाध्यक्ष राकेश जाट, सचिव मुस्ताक अहमद, प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार सेन, तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ अध्यक्ष संदीप कुमार गोयल, सचिव बृजकिशोर शर्मा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ अध्यक्ष इंशार कुर्रेशी, सचिव नसीब खान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने ली संकुल प्राचार्यों की बैठक, योजनाओं की हुई समीक्षा



**श्योपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बुधवार को सभी संकुल प्रिंसिपलों की बैठक आयोजित की। इस दौरान न्यायालय प्रकरण व सीएम हेल्पलाइन का निराकरण अभिलंब करने के निर्देश भी दिए।डीईओ एमएल गर्ग ने संकुल प्रिंसिपलों को सख्ती से निर्देशित किया कि वे 100 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन का निपटारा समझौता के आधार पर तत्काल करें। उन्होंने न्यायालय प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा है कि एक भी प्रकरण ऐसा नहीं रहना चाहिए जिसमें न्यायालय द्वारा जानकारी मांगी गई हो। इस दौरान गणवेश वितरण, निशुल्क पुस्तक वितरण, एक पेड़ मां के नाम सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

## खबर संक्षेप

### पानी के टैंक में डूबने से 10 वर्षीय बालक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत ग्राम मदागन निवासी आयुष पुत्र गजानंद जाटव उम्र 10 साल घर के पीछे बने लेटरिंग के टैंक में खेलते समय गिर गया जिससे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ऊषाबाई पत्नी मुकेश रजक उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम छीपौन ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर के कच्चे मकान में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक के टक्कर से महिला घायल

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम बामौरी टांका निवासी सीमा यादव पत्नी शिशुपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी08 एमई 5829 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर महिला को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत न्यू रॉयल सिटी कॉलोनी निवासी अवि शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कान्हा शर्मा, विशाल वंशकार,सिवम साहू, लव प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी दिलीप बैरागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बबलू लोधी, दिनेश लोधी और विक्की जैन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के महावीर कॉलोनी अंतर्गत निवासी वरूण जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दिली बैरागी,दीपक बैरागी, रामकुमार बैरागी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामपुरा निवासी गिरजाबाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति मोहन आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बूढ़िया निवासी रामभरोसा केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पुत्र पुरूषोत्तम केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देरासा बगिया निवासी राजाराम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहन कटारिया और 3 अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अचलगढ निवासी कुंवरपाल गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके साथ मारपीट की।

### जिला स्तरीय टेबल टेनिस संपन्न

**अशोकनगर।** लोक शिक्षण मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशन में एवं जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस. सिसौदिया के मार्गदर्शन में मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय अशोकनगर में जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाडी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जो कि जिला शिवपुरी में आयोजित होगी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान ओ.पी. शर्मा, क्रीडा अधिकारी एवं अरूण रघुवंशी प्रभारी खेल अधिकारी उपस्थित रहे। खेल प्रशिक्षक बृजेश अहिरवार एवं निखिल, सक्षम ने प्रतियोगिता आयोजन में सहयोग प्रदान किया। 14 वर्ष बालक वर्ग में अनुकल्प जैन प्रथम, हर्षित रघुवंशी द्वितीय एवं गौरांग शर्मा तृतीय एवं शुभ शर्मा चतुर्थ रहे। 17 वर्ष बालक वर्ग में नितिन साहू प्रथम, निलय श्रीवास्तव द्वितीय, अनुष यादव तृतीय एवं विश्वजीत बुन्देला चतुर्थ रहे। 17 वर्ष बालिका वर्ग में तरनप्रीत भटटी प्रथम, कु. वाणी पांडे द्वितीय एवं कु. वैष्णवी रघुवंशी तृतीय एवं कु. याशी रघुवंशी चतुर्थ रहीं। 19 वर्ष बालक वर्ग में शिवम रघुवंशी प्रथम, कान्हा रघुवंशी द्वितीय रहे।

### आगासौद पुलिस की बड़ी कार्यवाही, पुलिस मामले की जांच में जुटी

# खंडहर से बरामद 100 लीटर देशी शराब, आरोपी मौके से हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



आगासौद पुलिस ने खंडहरनुमा कमरे से 100.98 लीटर अवैध शराब पकड़ी है। जिसकी अनुमानित कीमत 61 हजार 710 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी आगासौद निरीक्षक नितिन पाल ने बताया कि 6 अगस्त को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आगासौद में लक्ष्मीनारायण एवं जगदीश स्वामी मंदिर के बीच स्थित एक मकान में विसन उर्फ ढक्कन तिवारी द्वारा अवैध रूप से देशी शराब रखकर उसका विक्रय किया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम रवाना की गई, जहां बताए गए स्थान पर पहुंचकर देखा गया कि एक व्यक्ति शराब बेचते हुए दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया। गवाहों की उपस्थिति में उसके मकान की तलाशी ली गई। जहां खंडहरनुमा कमरे में पांच बोरियों में रखी बड़ी मात्रा में देशी शराब बरामद की गई।

पुलिस अनुसार मौके से मिली बोरियों में कुल 561 क्वार्टर देशी मदिरा शराब मिली। जिसमें लाल देशी मसाला 189 पाव, सफेद देशी शराब 372 पाव मिले। प्रत्येक पाव में 180 मिलीलीटर यानि 561 पाव से कुल मात्रा 100.98 लीटर को जब्त किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 61 हजार 710 रूपए बताई जा रही है। उक्त शराब को विधिवत रूप से गवाहों की उपस्थिति में जब्त किया गया। आरोपी विसन उर्फ ढक्कन तिवारी निवासी ग्राम आगासौद के विरुद्ध धारा 34(2) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी आगासौद निरीक्षक नितिन पाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। टीम के सदस्यों में प्रधान आरक्षक संतोष रैकवार, आरक्षक लोकेंद्र यादव, आरक्षक रणवीर सिंह, आरक्षक सतीश शर्मा, आरक्षक संदीप बघेल, प्रधान आरक्षक चालक संतोष तिवारी शामिल रहे।

### खनियाधाना कोर्ट ने पांच आरोपियों को सुनाई सजा

**खनियाधाना।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने शंकरपुर, थाना बामोरकला निवासी शंकर सिंह यादव (30), चंद्रभान सिंह यादव (28), अर्चना यादव (34), जयपाल यादव (31) और हरीराम सिंह यादव (56) को मारपीट और कुल्हाड़ी से हमले के मामले में दोषी ठहराया। आरोपियों को धारा 324/34 भ.द.सं. में 1 वर्ष का सश्रम कारावास व 1000 रुपये जुर्माना, तथा धारा 323/34 भ.द.सं. में 6 माह का सश्रम कारावास व 500 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई गई। 25 दिसंबर 2021 को दोपहर 2 बजे फरियादी अपने खेत में गेहूं को पानी दे रहा था। जयपाल यादव गीले खेत से निकला, जिसे फरियादी ने मना किया। इस पर जयपाल ने गाली-गलौज शुरू की। विरोध करने पर जयपाल और चंद्रभान ने फरियादी को जमीन पर पटका। शंकर सिंह ने कुल्हाड़ी से फरियादी की दाहिनी पिंडली पर दो वार किए। हरीराम ने भी कुल्हाड़ी से हमला किया, लेकिन फरियादी ने फल पकड़ लिया, जिससे उसके दाहिने अंगूठे के पास चोट आई। चंद्रभान ने लाठी से फरियादी की कमर और पीठ पर वार किया। फरियादी की बहन बचाने आई, तो अर्चना ने उसकी बाईं जांघ पर लाठी मारी। फरियादी की मां रैनाबाई और बृजेश ने बीच-बचाव किया। जाते समय आरोपी धमकी देकर गए कि अगली बार जान से मार देंगे। थाना बामोरकला में अपराध क्रमांक 243/21, धारा 324, 323, 294, 506/34 भ.द.सं. में मामला दर्ज हुआ। विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कल्याण सिंह ने पैरवी की, और उनके तर्कों के आधार पर आरोपियों को सजा दी गई।

### 3.29 करोड़ की हींगटी रोड के लिए सीएम को बधाई

## मैं बीना क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए कृतसंकल्पित: निर्मला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

खुरई रोड फाटक से ग्राम हींगटी तक 3.86 किलोमीटर की सड़क का जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। सड़क निर्माण कार्य के लिए शासन स्तर पर स्वीकृति दी गई है। विधायक निर्मला सप्रे प्रयासों से खुरई रोड फाटक से हींगटी तक सड़क निर्माण के लिए मंजूरी मिल चुकी है। जिसके बनने से स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा। जानकारी अनुसार खुरई रोड फाटक से ग्राम हींगटी तक 3.86 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य होना है। जिसकी स्वीकृति प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत 3.29 करोड़ (328.91 लाख) की लागत से दी गई है। यह मार्ग क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों, विद्यार्थियों, किसानों और आम नागरिकों के आवागमन का प्रमुख जरिया है। मुख्यमंत्री को सड़क के खस्ताहाल का दिया था पत्र- निर्मला सप्रे ने बताया कि मार्ग निर्माण के लिए 23 जनवरी को मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर सड़क की खस्ताहाल स्थिति की जानकारी से अवगत कराया था। मुख्यमंत्री ने पत्र का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ समन्वय कर त्वरित स्वीकृति प्रदान की।

स्वीकृति होने पर विधायक निर्मला सप्रे ने मुख्यमंत्री मोहन यादव और पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि ग्रामीणों के लिए जीवन रेखा है। मैं बीना क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए कृतसंकल्पित हूं और डबल इंजन की सरकार हर जरूरत को प्राथमिकता दे रही है। 3 माह में 250 करोड़ की स्वीकृति- गौरतलब है कि विधायक निर्मला सप्रे के प्रयासों से तीन माह में 250 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को राज्य शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें सड़क निर्माण, भवन, अधोसंरचना, जल-निकासी, और शिक्षा व स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं।

## हरियाली तीज, पौधरोपण, महिला सशक्तीकरण के लिए महिला महासमिति का कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति, अशोकनगर द्वारा हरियाली तीज, मित्रता दिवस के अवसर पर बगीचा मंदिर परिसर में पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सौंदर्य, सौहार्द, और सशक्तीकरण की त्रिवेणी बहती दिखाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण से हुआ। दीप प्रज्वलन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सुषमा गांधी, इंदू गांधी, सुनीता चैधरी, इंदिरा पाली, सुधा बंसल, सपना अजमेरा, ज्योति गुरु, सरला बंसल सहित वरिष्ठ बहनों को द्वारा किया गया। मंगलाचरण प्रस्तुत किया रोशनी जैन,मनीषा जैन, नीतू पालीवाल, आराध्या जैन ने। इस रंगारंग कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी इनमें सभी बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जैसे छत सजाओ प्रतियोगिता कौन बनेगा फूलों की रानी नृत्य प्रतियोगिता सभी प्रतियोगिताओं में जिन्होंने स्थान प्राप्त किया उन्हें पुरस्कृत भी किया।

### प्रतियोगिताएं बनीं आयोजन का आकर्षण केंद्र

छाता सजाओ प्रतियोगिता, में प्रथम नीलू जैन,द्वितीय अभिलाषा जैन,तृतीय बॉबी सिंघई एवं संगीता जैन रहीं। इसी प्रकार मैं बनूंगी फूलों की रानी प्रतियोगिता में प्रथम सिम्मी जैन,द्वितीय अभिलाषा जैन,तृतीय बॉबी सिंघई रहीं। इसी प्रकार मित्रता ग्रुप डांस प्रतियोगिता में प्रथम सिम्मी जैन ग्रुप,द्वितीय सपना अजमेरा ग्रुप,तृतीय सखी ग्रुप रहा। "फूलों की रानी" प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों से एक महत्वपूर्ण प्रश्न भी पूछा गया। हम अपने मंडल को और मजबूत व सक्रिय कैसे बना सकते हैं? जिस पर सभी बहनों ने उत्साहपूर्वक विचार साझा किए और संकल्प लिया कि वे महिला महासमिति की गतिविधियों में निरंतर सक्रिय सहभागिता देंगी। इस मौके पर पौध रोपण किया गया और महिला सुरक्षा और जागरूकता पर चर्चा की गई। सफलता का मूल मंत्र सहभागिता और समर्पण में हर सदस्य का योगदान अमूल्य है। सभी महिलाओं ने सहभागिता और समर्पण से इसे स्मरणीय बना दिया।

## सागर जिला कराते टीम ने एमपी स्टेट चैंपियनशिप में जीते 11 गोल्ड सहित 38 पदक, प्रदेश में तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

### गोल्ड मेडलिस्ट राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित




गांधी हॉल शाजापुर में 1 से 3 अगस्त तक आयोजित एमपी स्टेट कराते चैम्पियनशिप 2025 में सागर जिले की कराते टीम ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए कुल 38 पदक अपने नाम किए और मध्यप्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सेंसेई संदीप अग्रवाल के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अनुशासन, जज्बा और उत्कृष्ट टीम भावना के साथ अपना श्रेष्ठ कौशल प्रस्तुत किया। सागर जिला टीम ने 11 गोल्ड, 10 सिल्वर और 17 ब्रॉन्ज कुल 38 मेडल जीतकर सागर जिले को गौरवान्वित किया।

काता स्पर्द्धा में कार्तिक यादव, समर प्रताप सिंह राजपूत, अरिहंत जैन, प्रियांशी ठाकुर, यम्मानूरु हिमावर्शिनी और अनोखी चौधरी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं श्रेयांश चतुर्वेदी, कृष्णा सिंह दांगी, अन्नपूर्णा झा, सावी अग्रवाल, ज्योतिरादित्य यादव ने रजत पदक और दिव्यांश सिंह, आदर्श रिछारिया, कार्तिक चौधरी, प्रियांश ठाकुर (0-6 वर्ष), अनामिका दांगी, भूमि कुशवाहा, मान्या सिंह, मानसी चौरसिया और प्रज्ञा सिंह सहित कई खिलाड़ियों ने कांस्य पदक अपने नाम किए।

कुमिते स्पर्धा में पृथ्वीराज कुशवाहा, आदवी सिंह बुंदेला, यम्मानूरु हिमावर्शिनी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 14 वर्ष से 17 वर्ष आयु वर्ग टीम काता स्पर्धा में भी जूनियर बालक और बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

सागर जिले के सभी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी अब नेशनल कराते चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अमेचर कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन के सचिव सेंसेई संदीप अग्रवाल ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे शहर, जिले और सभी अभिभावकों के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। सागर के कराटेकाओं ने मेहनत, लगन और एकजुटता से यह मुकाम हासिल किया है, अब यही ऊर्जा राष्ट्रीय स्तर पर भी देखने को मिलेगी।

## कलेक्टर ने 543 आवेदकों की समस्याओं को सुनकर निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में अपनी शिकायतों एवं समस्याओं को लेकर आने वाले आवेदकों की समस्याओं पर सुनवाई कर संबंधित उपस्थित अधिकारियों को हर संभव निराकरण के निर्देश मौके पर दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर द्वारा 543 आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### दिव्यांग अभिषेक को मिली व्हील चेयर की स्वीकृति

जनसुनवाई में रेखा बाई पत्नि फूल सिंह अहिरवार निवासी ग्राम बरखुआ तहसील मुंगावली के दिव्यांग पुत्र अभिषेक अहिरवार उम्र 19 वर्ष को आर्थिक सहायता तथा ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत आवेदन पर तुरंत संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री आदित्य सिंह द्वारा दिव्यांग अभिषेक अहिरवार को व्हीलचेयर दिये जाने के स्वीकृति प्रदान कर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग को दिये गए। साथ ही प्रतिमाह राशन दिये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये।

आवेदकों की समस्याओं का हुआ निराकरण

जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की समस्याओं का निराकरण मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा किया गया। निराकरण से शेष रहे आवेदन संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में निराकृत करने हेतु भेजे गए। जनसुनवाई में ग्राम बिल्हेरू निवासी राधाबाई द्वारा पेट्टे की भूमि कंप्यूटर पर अमल कराए जाने, ग्राम जंघार निवासी यशपाल यादव द्वारा बटवारा अमल कराए जाने,ग्राम बहेरिया निवासी सुखलाल द्वारा पीएम आवास योजना में नाम शामिल जाने, ग्राम राजपुर निवासी नथुआराम द्वारा वृद्धा पेंशन बनवाए जाने, वार्ड नंबर 10 मुंगावली निवासी नगमा बानो द्वारा बीपीएल कार्ड बनवाए जाने, वार्ड नंबर 2 ईसागढ़ निवासी मालतीबाई द्वारा पीएम आवास की किस्त दिलवाई जाने, ग्राम अतरेजी समस्त आदिवासी द्वारा आम रास्ता पर पक्की सड़क डलवाए जाने, ग्राम अमरोद निवासी बद्री प्रसाद जाटव द्वारा खाते की भूमि पर जबरन रास्ता डलवाए जाने, ग्राम अमरोद निवासी शंकु जाटव के द्वारा सीमांकन कराए जाने, ग्राम प्राणपुर निवासी लखनलाल अहिरवार द्वारा भूमि नक्शा की नकल दिलाये जाने, ग्राम मुढी निवासी गणेशराम कुशवाहा द्वारा जमीन पर कब्जा हटाए जाने के संबंध में,बहादुरपुर निवासी श्रीराम द्वारा भूमि खसरा कम्प्यूटर पर अमल कराये जाने केसंबंध में आवेदन प्राप्त हुए । प्राप्त आवेदनों का निराकरण में संबंधित अधिकारी समय सीमा में कराये जाने के निर्देश दिये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

### सुधासागर महाराज ने धर्मसभा में कहा...

# शासन-प्रशासन जब पूछताछ करे तब गुप्तदान दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत मुनिश्री सुधासागर महाराज ने अशोकनगर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए गुप्तदान के बारे में कहा कि शासन प्रशासन जब दान के बारे में पूछताछ करे तब वहां गुप्तदान देना चाहिए। जहां परिवार में विपरीत विचार वाले हों वहां गुप्तदान देना चाहिए। 3 स्थानों पर गुप्तदान दिया जाना चाहिए। पाप का भी कानून होता है और पुण्य का भी कानून होता है।

मुनिश्री ने कहा कि धर्म के क्षेत्र में यदि गुप्त दान करना है तो छिपकर मत करना। उन्होंने कहा कि कहीं के शास्त्रों में छुपकर दान और गुप्तदान करना नहीं लिखा है। कौशलदान,आहार दान तो पढने मिलता है किन्तु गुप्तदान कहीं पढने नहीं मिलता। दान भी टैक्स के समान है मंदिर के काम के लिए पैसा आता है, मंदिर यदि बनेगा तो लोगों का काम धंध और रोजगार मिलता है। जिस राज्य का राजा दानियों पर बुरी दृष्टि रखता है वह विनाश को प्राप्त होता है। दान पर टैक्स नहीं लैना चाहिए। यदि राजा खोटा है तो गुप्तदान करना चाहिए अच्छा राजा है तो खुलकर दान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर चीज का कानून होना चाहिए, डाकू खड़क सिंह का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उसने कभी किसी धर्मात्मा और दानी के यहां डांका नहीं डाला, जेब काटने वालों को भी चाहिए जहां धार्मिक कार्य हो रहे हो वहां जेब मत काटना। यदि कोई व्यक्ति बच्ची की शादी के लिए सामाना लेने आया हो तब जेब मत काटना, कर्ज चुकाने जा रहा हो तब जेब मत काटना। यदि तुमने धर्मसभा आने वाले व्यक्ति की जेब काटी तो एक दिन तुम्हारे दोनों हाथ भी नहीं बचेगे। यदि तुम्हे जेब काटना ही है तो वहां काटो जहां जुआ खेलने व्यक्ति जा रहा हो, शराब पीने जा रहा हो,ऐसे लोगों की जेब काटने में तुम्हे पुण्य लगेगा। दुनिया में कोई काम बुरा नहीं है, चोरी से देश की अर्थव्यवस्था नहीं ढगमगाती जो माल तुम्हारी तिजोरियों में सालों से बंद है और किसी के काम नहीं आ रहा है वह धन जब बाजार में आएगा। तब हो सकता है स्कूल बने, हो सकता है मंदिर बने, हो सकता है कि धर्मशाला का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि लोग दीपावली में जुआं खेलना शगुन मानते हैं जब कोई नहीं मिलता तो पति-पत्नी खुद जुआं खेलने लगते हैं। पुलिस वाले जब इन जुआरियों को पकड़ते हैं तो उन्हें पकड़कर ले जाते हैं और परिवार के लोग रात में ही पुलिस के पास पहुंच जाते हैं कि जितना पैसा लगे ले लो लेकिन रात में ही छोड़ दो। पुलिस भी कम नहीं होती वह कह देती है कि सुबह इनका जुलुस निकलेगा तब वह रेट बढ़ाते जाते हैं जो पुलिस मांगती है वही देना पड़ता है। डाकुंओं जुआरियों और पापियों को मुनिश्री ने उपदेश दिया कि वह इतना नियम बना ले कि किसी दानी, धर्मात्मा के यहां जेब नहीं काटेगें। यदि तुमने इन लोगों के यहां जेब काटी तो तुम्हे दरिद्रता से कोई नहीं बचा सकता।

मुनिश्री ने कहा कि जिस तरह देश की संसद में पक्ष और विपक्ष होते हैं लेकिन सभी एक साथ मिलकर सदन में बैठते हैं लेकिन समाज की राजनीति में यह देखने में आता है कि यदि दो पक्ष होते है तो एक पक्ष नहीं आता। उन्होंने राजस्थान का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां दो पार्टीयां थी दोनो एक दूसरे की विरोधी थीं। एक पार्टी पद पर थी तो दूसरी नहीं आती थी तब मैने वहां उन लोगों को समझाया और एक किया। इसी तरह की स्थिति हमें समाज में करना चाहिए। हम मिल जुलकर रहें सच्चें गुरू को नमस्कार करने से तुम्हारी इज्जत बढती है। यदि सच्चापन है तो तुम्हारी इज्जत बढ़ती है। यदि तुम्हारी नजर में भगवान के मंदिर को लेकर भी कोई भाव नहीं तो समाज का चुनाव लडने का अधिकार भी नहीं है।